## मा0 श्री सरयू राय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–04.08.2025 के लिए प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना :–

पूर्वी सिंहभूम जिला का जमशेदपुर शहर यातायात की समस्या से जूझ रहा है। बिस्टुपुर शास्त्री नगर, साकची, मानगो, बाराद्वारी, भालूबासा, भुईयाडीह जेम्को आदि इलाकों में यातायात जाम रोजाना परेशानी का कारण बन रहा है। मानगो–बिस्टुपुर और लिट्टी चौक–एन0एच0 33 निर्माणाधीन फ्लाईओवर की स्वीकृत डिजाइन में त्रुटि होने, टेल्को अन्ना चौक–पीपला गोबिन्दपुर उपरि पथ तथा शास्त्री नगर में खरकई नदी किनारे अल्कोर होटल–भाटिया पार्क सड़क एवं फ्लाइओवर निर्माण का कार्य बीच में रूक जाने से यातायात जाम की समस्या जानलेवा हो गई है और दुर्घनाओं को आमंत्रित कर रही है।

समय की मांग है कि टाटा स्टील सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन वृद्धि के मद्देनजर जमशेदपुर एवं आसपास की यातायात समस्याओं के समाधान हेतु मानगो फ्लाईओवर के मानगो चौक–पायल सिनेमा छोर के अंश का दोहरीकरण किया जाय, लिट्टी चौक फ्लाइओवर का काम आरम्भ किया जाए, बिस्टुपुर नागा बाबा मंदिर से भुईयाडीह श्मशान घाट से पहले तक एक फ्लाईओवर बनाया जाए, अन्ना चौक–पीपला ऊपरी पथ एवं शास्त्री नगर खरकई नदी किनारे सड़क एवं फ्लाईओवर की स्थगित योजनाओं को पुनः आरम्भ किया जाए, बारीडीह से मोहरदा–मुराकाटी तक फ्लाइओवर एवं वहां से स्वर्णरेखा नदी तक बाईपास सड़क, बागबेड़ा से दोमुहानी तक खरकई नदी पर और दोमुहानी से बारीडीह तक स्वर्णरेखा नदी के विभिन्न स्थानों पर पुल निर्माण की योजना बनाई जाए, गोबिन्दपुर एवं जेम्को–जोजेबेड़ा में रेल ऊपरी पथ का निर्माण शीघ्र किया जाए और जमशेदपुर एवं जमशेदपुर से सटे घनी आबादी वाले इलाकों के लिए परिवहन एवं यातायात समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए पथ निर्माण एवं पथ उन्नयन की एक समेकित एवं व्यापक योजना तैयार की जाए।

मै सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करता हूँ और जमशेदपुर शहर एवं समीपवर्ती इलाकों की गम्भीर यातायात जाम समस्या एवं उपर्युक्त विवरण के आलोक में इसके शीघ्र समाधान की मांग करता हूँ।

## <u>सरकार का वक्तव्य</u>

प्रश्नगत् **मानगो पुल (कुल लंबाई–2.8 कि0मी0) का निर्माण** स्वामित्व प्राधिकार यथा टाटा स्टील प्रा0 लि0 की अनापत्ति के आलोक में पथ निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। स्वर्णरेखा को cross करने के लिए मानगो छोर पर Y- junction का प्रावधान करते हुए डिमना एवं आजाद बस्ती की तरफ दो Elevated Approach पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें डिमना चौक की ओर 2-way divided traffic एवं आजाद बस्ती की ओर down ramp के माध्यम से one way traffic movement का प्रावधान सन्निहित है। वर्तमान में प्रगतिशील इस योजना में पायल सिनेमा, आजाद बस्ती की ओर up ramp का भी प्रावधान किये जाने की स्थिति में मानगो junction end पर potential accidental conflict point का निर्माण हो जाएगा। अनुमोदित कार्य योजना में मानगो junction end पर rotary का प्रावधान किये जाने की स्थिति में Traffic congestion की समस्या पूर्ववत् बनी रहगी।

**अन्ना चौक से गोविन्दपुर पथ तक 4–लेन Elevated Corridor (Cable Stayed Bridge सहित) एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य (कुल लंबाई–1540 मीटर)** – जिसका एकरारनामा पूर्व में 25.05.2019 को संपादित किया गया था, के Termination के उपरांत संवेदक एस0पी0 सिंगला कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, नई दिल्ली में वाद दायर किया गया है, जो वर्तमान में माननीय न्यायालय के विचाराधीन है। तत्क्रम में विभाग द्वारा व्यवहार न्यायालय, राँची में कॉमर्शियल ऑरबिट्रेशन वाद दायर की गई है, जो वर्तमान में माननीय न्यायालय के विचाराधीन है।

वर्तमान में स्वीकृत alignment में वन भूमि आच्छादित पथांशों में वन भूमि अपयोजन निमित्त वाँछित स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**भुईयाडीह–लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी (NH-33) के दूसरे कि0मी0 में स्वर्णरेखा नदी के ऊपर फोर–लेन उच्च स्तरीय पुल एवं पहुँच पथ का पुनर्निर्माण कार्य (कुल लंबाई– 3.681 कि0मी0)** – जिसका एकरारनामा 05.10.2024 को संपादित किया गया है। कार्य प्रारंभ करने के क्रम में स्थलीय आवश्यकता अनुरूप पूर्व से अनुमोदित 228.00 मीटर लंबे पुल के स्थान पर 242.00 मीटर लंबे पुल निर्माण की अनुमति विभाग द्वारा प्रदान की गई है। तत्क्रम में प्रस्तावित पुल की पुनरीक्षित लंबाई एवं तदनुरूप पुनरीक्षित span arrangement के आधार पर confirmatory boring का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। संशोधित drawing तैयार कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

**कदमा–शास्त्रीनगर ब्लॉक नं0–4 से नदी किनारे होते हुए ब्लॉक नं0–2 (कुल लंबाई–2.55 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य** – वर्तमान में खरकई नदी के किनारे के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार स्तर पर प्रक्रियाधीन है। भविष्य में नदी के सीमांकण के उपरांत पथ ROW की उपलब्धता के अनुरूप निर्माण हेतु विचार किया जा सकेगा।

**गोविन्दपुर एवं जैम्को–जोजोबेड़ा में रेल ऊपरी पथ** – गोविन्दपुर LC No.-137 के स्थान पर ROB निर्माण परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति फरवरी 2019 में प्रदान की गई है। प्रमंडलीय कार्यालय द्वारा गोविन्दपुर LC No. 137 एवं जैम्को–जोजोबेड़ा LC No. 138 पर ROB के पहुँच पथ निर्माण हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के क्रम में ग्राम सभा के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा अनुमोदित आरेखन पर कार्य का विरोध किया गया। तदोपरांत विभागीय आदेश के आलोक में alternate alignment की संभाव्यता हेतु संबंधित रेल प्राधिकार के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण किया गया। तदनुरूप रेलवे स्तर से चयनित परामर्शी द्वारा पुनरीक्षित GAD तैयार कर संबंधित रेलवे प्राधिकार को समर्पित है। वर्तमान में रेलवे स्तर पर पुनरीक्षित GAD के अनुमोदन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

जमशेदपुर शहरी एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रश्नगत अन्य Traffic Congestion points यथा नागा बाबा मंदिर से भुईयाडीह श्मशान घाट, बाराद्वारी, भालूबासा, साकची बिस्टुपुर रीगल बिल्डिंग चौक आदि स्थानों पर शहरी परिवर्त्तनशील परिप्रेक्ष्य में सम्व्यवहार एवं स्थलीय आवश्यकता अनुरूप पथ अवसंरचनाओं यथा Flyover/Bypass पथ आदि का निर्माण निधि की उपलब्धता/सीमित बजटीय उपबंध के आलोक में स्थलीय संभाव्यता अध्ययन के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कराया जा सकेगा।

**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, राँची।**

**ज्ञापांकः–प0नि0वि0–11–ध्यानाकर्षण –01/2025 (मानसून) सत्र** 3055 (S) **राँची/दिनांक–** 03/08/2025

**प्रतिलिपिः**–श्री बिरेन्द्र कुमार, अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय, राँची के ज्ञापांक–2092, दिनांक–02.08.2025 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 अतिरिक्त प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित्।

अशोक कुमार विर्दे
3/8/25

**सरकार के अवर सचिव**
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।